बिहार विधान
मंडलीय कार्य
अत्यावश्यक

पत्र संख्या– सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)01–01/2026–............/

# बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

प्रेषक,

**प्रत्यय अमृत,**
मुख्य सचिव, बिहार।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
सभी विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–...................., 2026

*विषय : अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र एवं बिहार विधान परिषद् के 213वें सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के संबंध में।*

महाशय,

अष्टादश बिहार विधान सभा का तृतीय सत्र एवं बिहार विधान परिषद् का 213वाँ सत्र **दिनांक–20.07.2026** से आहूत है। सभा/परिषद् सचिवालय द्वारा माननीय सदस्यों के प्रश्नों को सम्बन्धित विभागों को प्राप्त कराने के क्रम में कुछ विभागों द्वारा अन्य विभाग का हवाला देकर उन्हें वापस कर दिया जाता है। फलतः सम्बन्धित विभाग को उत्तर तैयार करने एवं सभा/परिषद् सचिवालय को उत्तर प्राप्त कराने में अनावश्यक विलम्ब होने से सदन के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है।

अनुरोध है कि सभा/परिषद् सचिवालय द्वारा प्राप्त कराये गये प्रश्न यदि आपके विभाग से सम्बन्धित नहीं हो तो भी उसे प्राप्त कर अपने स्तर से सम्बन्धित विभाग को तुरंत प्राप्त करा दिया जाय एवं सभा/परिषद् सचिवालय को प्रश्न प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर उसकी सूचना प्राप्त कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(प्रत्यय अमृत)

⇨

ज्ञापांक–सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)01–01/2026–............/पटना, दिनांक–............2026

प्रतिलिपि–प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(राजेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)01–01/2026–...790.../पटना, दिनांक–09.07.2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/07/2026
सरकार के अपर सचिव।

July_2026_Assembly commence & Prorogue.docx